आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. नीति आयोग की बैठक में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने विभिन्न विकासात्मक पहलों पर रोडमैप प्रस्तुत किया।
2. द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर चर्चा की।
3. सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में भागीदारी के लिए आवेदन आमंत्रित किए है।
4. अंडमान निकोबार द्वीपसमूह राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने आधिकारिक 'लोगो' का अनावरण किया।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिरी की अध्यक्षता में एक उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नीति आयोग के सदस्य, नीति आयोग के सीईओ, द्वीप प्रशासन के मुख्य सचिव, तथा विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों के साथ नीति आयोग और अंडमान–निकोबार प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में द्वीप समूह के समग्र, समावेशी और रणनीतिक विकास से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। बैठक के दौरान, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने विभिन्न विकासात्मक पहलों को रेखांकित करते हुए एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। मुख्य भूमि से निर्माण सामग्री और आवश्यक वस्तुओं की परिवहन लागत में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, विभिन्न योजनाओं के लागत मानदंडों और पात्रता शर्तों में उचित लचीलापन देने का अनुरोध किया गया। ग्रेट निकोबार में प्रस्तावित परियोजना, उड़ानों की घटती संख्या और महंगे हवाई किराए का मुद्दा उठाया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग–4 के उन्नयन और मिडिल स्ट्रेट ब्रिज के निर्माण, सागरमाला 2.0 के तहत 13 जेट्टी के पुनर्निर्माण और नियमित कार्गो जहाज सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया। गहरे समुद्र में टूना मछली पकड़ने के संसाधनों के बेहतर उपयोग, स्थानीय रोजगार और निर्यात क्षमता को बढ़ाने तथा पर्यटन विकास पर विशेष चर्चा हुई। इसके अलावा कृषि और लंबित ग्रामीण सड़क प्रस्तावों से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान आकर्षित किया गया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा से मुलाकात कर द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, सुधारने और विस्तार पर चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री ने

द्वीपसमूह के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए भारत सरकार और अंडमान–निकोबार प्रशासन के अधिकारियों के बीच जल्द एक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><><>

मेरा युवा भारत, रंगत की ओर से कल महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, की पहल विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के तहत आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में जिले के लगभग 200 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष अर्पणा रॉय मुख्य अतिथि, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर वी आर मूर्ति विशिष्ट अतिथि तथा उप–शिक्षा अधिकारी प्रकाश हलदार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अर्पणा रॉय ने युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने और राष्ट्रीय मुद्दों की जिम्मेदार समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया। युवा संसद चर्चा के दौरान प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय मुद्दे पर अपने दृष्टिकोण, तर्क और विचार व्यक्त किए। जिला स्तर से चयनित प्रतिनिधि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धा करेंगे। राज्य स्तर पर चयनित युवाओं को जनवरी 2027 में नई दिल्ली स्थित संसद में आयोजित होने वाली राष्ट्र स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><><>

स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं की खेप को बिक्री और वितरण के लिए जारी करने से पहले अधिकृत और योग्य व्यक्ति की मंजूरी अनिवार्य करने के लिए औषधि नियम–1945 में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य दवा निर्माण प्रक्रिया में जवाबदेही बढ़ाना है। मौजूदा नियमों के अंतर्गत दवा निर्माताओं को निर्माण और परीक्षण के लिए जिम्मेदार तकनीकी कर्मचारियों का विवरण देना होगा।

<><><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में 14 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाले भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में 'विकास और विरासत' विषय पर भागीदारी के लिए पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के पंजीकृ त एवं प्रमुख हितधारकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। टूर ऑपरेटर्स, बोट ऑपरेटर्स, होटल एसोसिएशन, एडवेंचर और वाटर स्पोर्ट्स सर्विस प्रोवाइडेर्स, ट्रैवल एजेंट्स और अन्य मान्यता प्राप्त पर्यटन संगठनों सहित इच्छुक हितधारकों से इस आयोजन में भाग लेने के लिए सहमति पत्र 9 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक निदेशालय में जमा करने का अनुरोध किया गया है। इच्छुक हितधारकों को स्थान का आवंटन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। भागीदारी शुल्क 30,000 रूपये होगा, जिसका भुगतान निदेशालय के 'वरिष्ठ लेखा अधिकारी के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में सहमति पत्र के साथ जमा करना होगा।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से कल आधिकारिक 'लोगो' का अनावरण किया गया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए, परिषद की निदेशक संगीता चंद ने कहा कि यह नया अनावरित लोगो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति परिषद के दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने द्वीपसमूह में शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने और शैक्षिक विकास को आगे बढ़ाने में इसकी भूमिका पर जोर दिया।

<><><><><><><><>

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार को बाल श्रम निषेध और विनियमन संशोधन अधिनियम, 2016 के प्रावधानों को लागू करने की निगरानी के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ गठित करने का निर्देश दिया है। यह कानून खतरनाक उद्योगों में बाल श्रमिकों को काम पर लगाने पर रोक लगाता है। न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने महिला और बाल विकास मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह राज्यों के मुख्य सचिवों के माध्यम से संबंधित एजेंसियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करे। इस अधिनियम के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सभी तरह के व्यवसायों और कामकाज में रोजगार देने पर पूरी तरह प्रतिबंध है।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह की शतरंज खिलाड़ी आर. कस्तूरी बाई ने फ्रांस के कैप्ड अगड़े में आयोजित 24वें कैप्ड टाउन – केवेलियर शतरंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। इसमें देश–विदेश के कुल 258 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कस्तूरी बाई को मुख्य पुरस्कार श्रेणी में 8वां स्थान और 'सर्वश्रेष्ठ महिला' वर्ग में भी दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

<><><><><><><><>

वन प्रशिक्षण संस्थान, विम्बर्लीगंज में कल वन रक्षकों के 54वें बैच का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक डॉ. दिनेश कन्नन ने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए वनों की रक्षा, जैव विविधता का संरक्षण, वन्यजीवों की सुरक्षा तथा पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता, सतर्कता, टीम वर्क और पेशेवर ईमानदारी पर बल दिया। इस अवसर पर 'पाइपिंग समारोह' भी आयोजित किया गया। अध्यक्ष ने प्रशिक्षुओं को निष्ठा की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान, पांडिमीनल को 54वें बैच में सर्वश्रेष्ठ घोषित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। उन्होंने विभिन्न विषयों में पांच अतिरिक्त पदक भी हासिल किए।

<><><><><><><><>